सार-समाचार

## स्व. द्रोपदी भाटिया के जन्मदिन के पर रक्तदान शिविर एवं नेत्र चिकित्सा शिविर

**कोटा,** (निसं)। भाटिया ग्रुप की चेयरपर्सन स्व. द्रोपदी भाटिया के जन्म दिवस पर स्माल स्केल इण्डस्ट्रीयल एरिया, राजस्थान पत्रिका रोड स्थित भाटिया एण्ड कम्पनी के वर्कशॉप पर रक्तदान शिविर, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर प्रेम नगर अफॉर्डेबल आवासीय योजना कोटा एवं स्कूलों में रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कम्पनी के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने स्वैच्छा से रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में 207 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर मे एमबीएस हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम को आमंत्रित किया गया था। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में डॉ. सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल नयापुरा कोटा से पधारे चिकित्सकों ने 400 से अधिक लोगों के नेत्रों की जांच कर परामर्श दिया और चयनित 20 मोतियाबिंद रोगियों का डॉ.सुधीर गुप्ता द्वारा नयापुरा मे ऑपरेशन किया जायेगा। सभी रोगियों को ऑपरेशन के बाद निदेशक प्रेम भाटिया द्वारा चश्मे एव कम्बल वितरित किये जायेंगे। बाल दिवस एवं जन्म दिवस पर रंग भरो प्रतियोगिता आलोक सी.सै. स्कूल, दादाबाड़ी कोटा एंव शिव ज्योति स्कूल न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा में आयोजित किया गया। सभी बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगता में विजेताओं को उपहार प्रदान कर उन्हे प्रोत्साहित किया गया। शिविर में भाटिया ग्रुप के कार्यकारी निदेशक नेक भाटिया एवं रमन भाटिया ने सभी रक्तदाताओं उत्साहवर्धन किया। अंत में भाटिया ने ब्लड बैंक टीम एवं डॉ.सुधीर गुप्ता एव प्रेम नगर वार्ड पार्षद व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

## स्वयंसिद्धा एक्ज़िबिशन का अनावरण

**कोटा,** (निसं)। लघु उद्योग भारती की महिला इकाई द्वारा 17 एवं 18 जनवरी 2026 को प्रीमियम एक्ज़ीबिशन स्वयंसिद्धा का आयोजन झालावाड रोड स्थित संस्कृति बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। उक्त आयोजन का अनावरण एवं पोस्टर लॉंच का कार्यक्रम होटल पारस में रखा गया जिसमे विशेष अतिथि रहे लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सलाहकार गोविंद राम मित्तल, होटल एवं टूरिज्म फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी रहे। आयोजन में सर्वप्रथम लघु उद्योग भारती महिला इकाई कोटा की अध्यक्ष चांदनी पोद्दार ने सभी का स्वागत किया एवं इकाई द्वारा किए गए कार्यो का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया महिला इकाई का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करना है इसी कड़ी में स्वयंसिद्धा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालक सीए रजनी मित्तल ने स्वयंसिद्धा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस बार प्रदर्शनी का स्थान परिवर्तित कर संस्कृति बैंक्वेस्ट हाल किया गया है जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलायें अपना स्टाल लगा सके और ज्यादा से ज्यादा महिलाएँ इस शॉपिंग महोत्सव का लुफ्त उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस बार की स्वयंसिद्धा को लेकर उद्यमी महिलाओं में गजब का उत्साह है और कोटा ही नहीं वरन कोटा के बाहर से भी महिलायें आकर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की एक्ज़ीबिशन लगाने आ रही है।

## कोटा कॉलेज ऑफ एजुकेशन रानपुर में बाल दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। कोटा कॉलेज ऑफ एजुकेशन रानपुर कोटा के छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकाओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर महाविद्यालय में बाल दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.बीएल मेहरा एवं समस्त प्रबुद्ध व्याख्यातागणों ने मां शारदा एवं नेहरू जी के चित्र पर माला पहनाकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने चाचा नेहरू का बच्चों के प्रति असीम प्रेम और बच्चे राष्ट्र का भविष्य विषय पर उद्बोधन के माध्यम से प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने भाषण, गीत एवं कविताओं के माध्यम से चाचा नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम को याद किया। कार्यक्रम दो पारी में आयोजित हुआ। छात्र-छात्राओं के लिए वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, दौड़, बैडमिंटन, रस्सी कूद व रस्साकशी आदि खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित व प्रेरित किया गया। कार्यक्रम बहुत ही आनंददायक और सराहनीय रहा जिसका छात्र-छात्राओं के साथ-साथ व्याख्याताओं ने भी खूब आनंद लिया।

## बाल दिवस पर गवरंग-2025 का आयोजन

**रामगंजमंडी,** (निसं)। मंगलम विद्या विहार मोड़क में 14 नवम्बर शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर गवरंग-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गाँव की छटा बिखेरता हाट बाजार लगाया। जिसमें बच्चों के द्वारा बनाए गए आर्ट -क्राफ्ट की वस्तुओं, हर्बल ज्यूस और प्लांट्स, बुक स्टॉल को प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों के लिए विविध गतिविधियाँ जैसे सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति, खेलकूद का आयोजन व बच्चों के साथ अध्यापक व अध्यापिकाओं ने फूड स्टॉल लगाई। वहीं दूसरी और राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बाल साहित्य की पुस्तक प्रदर्शित की गई।

## सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में बाल मेले का भव्य आयोजन

**झालावाड़,** (निसं)। झालरापाटन सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में बाल मेले का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झालरापाटन मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष नीतीश परमार, पार्षद राजेंद्र शर्मा तथा पुलकित अग्रवाल रहे। अतिथियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक स्टॉलों का अवलोकन किया व विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। बाल मेले में विभिन्न व्यजनों के बाजार निर्मित कर खाने पीने की स्टॉल, खेल गतिविधियाँ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर भी सराहनीय प्रस्तुति दी।

## प्रतीक्षा हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 की महिला संयोजिका बनीं

**कोटा,** (निसं)। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही समाजसेविका एवं प्रतीक्षा पारीक चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रतीक्षा पारीक को उनके सतत सामाजिक कार्यों, जनहित में किए जा रहे प्रयासों एवं महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 कार्यक्रम की महिला संयोजिका नियुक्त किया गया।

# नाबार्ड मुख्य महाप्रबन्धक ने वाड़ी परियोजना क्षेत्र का भ्रमण किया

**कोटा,** (निसं)। आइसेप इण्डिया फाउण्डेशन के द्वारा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के वित्तीय सहयोग से नाबार्ड जनजाति वाडी परियोजना कोटा के खैराबाद ब्लाक के ग्राम गणेशपुरा कलां, हमाऊ, रायखेड़ा, राजूखेड़ा, गुमानपुरा एवं मीण्याखेड़ी सहित 6 गांव में संचालित किया जा रहा है।

परियोजना प्रबन्धक बच्चू सिंह चौधरी ने बताया कि नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक डॉ. आर रवि बाबू ने नाबार्ड जनजाति वाड़ी परियोजना का भ्रमण एवं अवलोकन किया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि जनजाति वाडी परियोजना के तहत 250 जनजाति परिवारों के वाडी के द्वारा लाभान्वित किया गया है।

■ 250 जनजाति परिवारों के वाडी के द्वारा लाभान्वित किया




नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक डॉ. आर रवि बाबू ने वाड़ी परियोजना का भ्रमण कर जनजाति परिवारों को लाभान्वित किया।

किसानों एक एकड में 40 पौधे नागपुरी संतरे 20 पौधे एल 49 अमरुद के बोर्डर पर कटहल सहजना करोंदा एवं बांस पौधे के लगाये गये है। यहां पर सिंचाई के लिये ड्रिप एवं सुरक्षा के लिये तारबन्दी कराई जा रही है।

मृदा एवं जल संरक्षण के मेडबन्दी का कार्य किया जा रहा है। बकरी पालन के लिये उन्नत शेड बनाकर सिरोही नस्ल की 3 बकरी एवं 1 बकरा देकर जनजाति के 25 परिवारों के लिये प्रशिक्षण देकर बकरी पालन शुरु किया गया है। 30 महलाओं के लिये सिलाई का प्रशिक्षण देकर महलाओं के लिये सिलाई की मशीन देकर लाभान्वित किया गया।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक डा आर रवि बाबू ने बताया कि वाडी विकास परियोजना से किसानों की आय में वृद्धि होगी जिससे आर्थिक स्थिति अच्छी होगी इस परियोजना मे किसानों को बकरी पालन, खाद्य प्रसंसकरण का प्रशिक्षण लेकर अपना काम शुरू करना चाहिये। मुख्य महाप्रबन्धक नाबार्ड ने किये गये कार्यों की सराहना की। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन सनाड्य ने बताया की कृषि विज्ञान केन्द्र कोटा के द्वारा किसानों के लिये धनिये और चने के प्रदर्शन दिये गये हैं।

## बाल मेले का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, बंधा धर्मपुरा मेन रोड, कोटा में शुक्रवार को विद्यार्थियों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉल लगाई। जिनमें भेलपुरी, मिश्री मावा, सोया चाप, पानी-पतासे गोभी व पालक के पकोड़े शामिल थे। अप्पे की स्टॉल विद्यार्थियों के बीच में आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

प्राचार्य एवं डीन शिक्षा संकाय कोटा विश्वविद्यालय प्रोफेसर सुषमा सिंह ने कहा कि हम सभी में बचपन आज भी जिंदा है और यह भाव सदैव ही बना रहना चाहिए। मनुष्य जीवन में बचपन की अवस्था सबसे श्रेष्ठ अवस्था है और इस प्रकार की गतिविधियां विद्यालयों के बीच आपसी संबंध व प्रेम को बढ़ावा देती हैं।

## रामगंजमंडी से भीलवाड़ा के लिए बस सेवा शुरू

**रामगंजमंडी,** (निसं)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रामगंजमंडी से भीलवाड़ा वाया कोटा बिजौलिया राजस्थान लोक परिवहन सेवा द्वारा बस सेवा का 14 नवम्बर शुक्रवार को सुबह शुभारंभ किया गया। संचालनकर्ता ब्रजराज सिंह पंवार ने बताया कि पूजा-अर्चना के बाद शुक्रवार को चालक रवि गुर्जर व परिचालक लालसिंह का तिलक कर बस को रवाना किया। बस सुबह 8 बजे शहीद पन्नालाल यादव चौराहे से रवाना होकर सुकेत, कोटा, बिजौलिया, लाडपुरा, मांडलगढ़ व बिगोद होती हुई भीलवाड़ा पहुंचेगी।

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नम्बर 61 श्री ओम एनक्लेव बूंदी के मूल संपत्ति कागज, सुधार विलेख आदि दस्तावेज 19 मई 2023 से कई खो गए हैं। जिस किसी को भी मिले निम्न पते पर सूचित करें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री Sh. Murli Dhar Lodha S/o Late Sh. Ganesh Ram द्वारा उनके स्वामित्व के Two Shops situated Khedli Purohit कोटा (राज.) क्षेत्रफल 207 वर्गफीट को रहन रखकर जना स्मॉल फाईनेंस बैंक से ऋण प्राप्त किया जा रहा है।
यह कि Sh. Murli Dhar Lodha S/o Late Sh. Ganesh Ram को उक्त आवास श्रीमती Smt. Surja Bai, Sh. Prem Shankar से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.04.03 को क्रय की थीं।
यह कि Sh. Murli Dhar Lodha S/o Late Sh. Ganesh Ram द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन रखकर जना स्मॉल फाईनेन्स बैंक, शाखा कोटा से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति को रहन करने के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
कमल गुप्ता एडवोकेट
एम.पी.ए. 53 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414288889

## बच्चों ने प्रतिभा दिखाई

**कोटा,** (निसं)। मोशन एजुकेशन के फाउंडेशन डिवीजन की ओर से शुक्रवार को बाल दिवस पर आयोजित मेला में हजारों बच्चों ने भाग लिया। यह आयोजन उनके लिए मनोरंजन का मौका ही नहीं था, बल्कि सीखने और प्रतिभा दिखाने का मंच भी बना। इस दौरान द्रोणा कैंपस में बच्चों की चहल-पहल, मस्ती और रचनात्मकता देखने लायक थी। मेले में मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, फाउंडर और सीईओ नितिन विजय और डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय ने भी बच्चों से बातचीत की और उनकी मेहनत की तारीफ की। बच्चों ने अपने मॉडल और स्टॉल का पूरा आईडिया बड़े आत्मविश्वास से समझाया, जिसे देखकर सभी प्रभावित हुए। नितिन विजय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सीखने की जिज्ञासा बढ़ाते हैं।

## दोस्त कॉन 4 व डायबिटीज़ एक्सपो 16 को

**कोटा,** (निसं)। टाईप वन डायबिटीज़ से जूझ रहे बच्चों के लिए प्रेरणादायक, शैक्षणिक और स्वास्थ्यवर्धक आयोजन दोस्त कॉन चार व डायबिटीज एक्सपो 2025 रामचंदानी डायबिटीज केयर एंड रिसर्च सेंटर, कोटा द्वारा कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से आयोजित हो रहा हैं।

आयोजन प्रमुख डॉ. जी.डी. रामचंदानी ने बताया कि 16 नवंबर को कोटा के उम्मेद क्लब में प्रातः सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होने वाले इस आयोजन में रामचंदानी डायबिटीज केयर एंड रिसर्च सेंटर, सरोया आई हॉस्पिटल, श्री उम्मेद क्लब, सिंधु सोशल सर्कल, सिन्धु महिला सर्किल, दोस्त डायबिटिक चाईल्ड केयर सोसाइटी, लाईफ फॉर ए चाईल्ड का सहयोग व समर्थन मिल रहा हैं। सर्किल संयोजक प्रकाश वीर नाथानी एवं सर्किल अध्यक्ष विमल परियानी ने बताया कार्यक्रम में 'मुख्य अतिथि' के रूप में कोटा दक्षिण के 'विधायक संदीप शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.के.के.पारीक, डॉ.एस.के. गोयल, डॉ.गिरीश माथुर, डॉ विजय सरदाना, डॉ अमृता मयंगर, डॉ.मोहन मंत्री भाग लेंगे। इस आयोजन के एक ब्रॉशर का विमोचन आज कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने किया।

डॉ. जे.एस.सरोया ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल इलाज नहीं, बल्कि इन बच्चों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और प्रेरणादायक बनाना है। पिछले 20 वर्षों में हमने देखा है कि सही शिक्षा, इंसुलिन थैरेपी और परिवार के सहयोग से टाईप वन डायबिटीज वाले बच्चे हर क्षेत्र में सफलता पा सकते हैं। यह आयोजन डायबिटीज सेवा के 20 वर्षों की निःस्वार्थ यात्रा का उत्सव भी मनाएगा। डॉ.रामचंदानी बताया टाइप 2 के साथ टाईप-1 डायबिटीज भी तेजी से बढ़ रही हे एवं मध्यम वर्ग परिवार एवं कस्बों व गांवों में ज्यादा हो रही है। 'बच्चों के लिए बच्चों के द्वारा' इस तरह कैंप एवं कॉन्फ्रेंस इंडिया में ओर कहीं भी नहीं होता हैं। इस कार्यक्रम में आंख के पर्दे (रेटीना) की जांच सरोया आई हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर अरनव सरोया द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य टाईप वन डायबिटीज से पीड़ित बच्चों को आत्मविश्वास देना, उन्हें नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी से अवगत कराना, और समाज में जागरूकता फैलाना है कि टाईप वन डायबिटीज के साथ भी जीवन पूरी तरह स्वस्थ, सक्रिय और आनंदमय हो सकता हैं।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1416 विज्ञप्ति दिनांक:-14.11.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम डडवाडा योजना "प्रताप कॉलोनी" खसरा नं. 41 में स्थित भूखण्ड संख्या 62 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती देवेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री देवी दयाल निवासी - प्रताप बस्ती, रंगपुर रोड, कोटा जं. कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 961 दिनांक 26.03.2021 को श्रीमती रामलाडली पत्नि स्व. श्री देवी दयाल के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी श्रीमती रामलाडली की मृत्यु दिनांक 12.08.2025 को हो चुकी हैं। पट्टेधारी की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान् (1) श्रीमती प्रतिभा देवी (2) श्रीमती राजकुमारी (3) श्रीमती आशा देवी (4) श्रीमती ब्रजेश द्वारा अपने भाई श्री देवेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री देवी दयाल के पक्ष में पंजीकृत रिलीज डीड दिनांक 08.09.2025 से उक्त भूखण्ड का हक त्याग कर दिया हैं। आवेदक द्वारा प्रस्तुत (1) रिलिज डीड (2) शपथ-पत्र एवं (3) मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण चाहा गया हैं।

अतः श्री देवेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री देवी दयाल के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1415 विज्ञप्ति दिनांक:-14.11.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम डडवाडा योजना "प्रताप कॉलोनी" खसरा नं. 41 में स्थित भूखण्ड संख्या 59 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती देवेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री देवी दयाल निवासी - प्रताप बस्ती, रंगपुर रोड, कोटा जं. कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 763 दिनांक 31.07.2024 को श्रीमती रामलाडली पत्नि स्व. श्री देवी दयाल के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी श्रीमती रामलाडली की मृत्यु दिनांक 12.08.2025 को हो चुकी हैं। पट्टेधारी की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान् (1) श्रीमती प्रतिभा देवी (2) श्रीमती राजकुमारी (3) श्रीमती आशा देवी (4) श्रीमती ब्रजेश द्वारा अपने भाई श्री देवेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री देवी दयाल के पक्ष में पंजीकृत रिलीज डीड दिनांक 08.09.2025 से उक्त भूखण्ड का हक त्याग कर दिया हैं। आवेदक द्वारा प्रस्तुत (1) रिलिज डीड (2) शपथ-पत्र एवं (3) मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण चाहा गया हैं।

अतः श्री देवेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री देवी दयाल के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## प्रगति इंटरनेशनल स्कूल में बाल-दिवस की धूम रही

**कोटा,** (निसं)। प्रगति इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस समारोह प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बचपन के मूल्य, सृजनात्मकता, नैतिक भावनाओं तथा सहयोग की भावना को विकसित करना रहा।

■ प्रगति स्कूल में बाल दिवस मनाया गया है

■ बच्चों ने न केवल नृत्य किया बल्कि अपने साथियों के स्टेप भी सीखने का प्रयास किया

विद्यालय के चेयरमैन डॉ.जफर मोहम्मद ने मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया और विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों व गतिविधियों का आनंद भी लिया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बचपन जीवन का सबसे सुंदर दौर है और बच्चों की मुस्कान ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। मेले में विद्यार्थियों ने अपनी पसंद के अनुसार चाट, भेलपुरी, दही पापड़ी, रेड पास्ता, जेम रोल, क्रीम रोल, सोफ्ट ड्रिंक्स आदि व्यंजनों का आनंद लिया।

बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और मेरी-गो-राउंड भी लगाए गए, जिन पर बच्चों ने उत्साह के साथ खूब मस्ती की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ.फेमिना ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बाल दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक पल का आनंद लेने, सृजनात्मक बनने और अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने मेले के व्यंजनों का स्वाद लेते हुए बच्चों को संदेश दिया कि वे सीखने और खेलने, दोनों में संतुलन बनाए रखें। डांस फ्लोर पर सभी बच्चों ने मनमोहक अंदाज में थिरकते हुए माहौल को रोमांचक बना दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने न केवल नृत्य किया बल्कि अपने साथियों के स्टेप भी सीखने का प्रयास किया। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था मानो आज 'तारें जमीन पर उतर आए हों' और पूरे विद्यालय में खुशियों की मधुर चमक बिखेर दी हो। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों का विशेष योगदान रहा। बाल दिवस समारोह ने विद्यार्थियों में उत्साह, आनंद और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा संचार किया।

## विधायक संदीप शर्मा ने ए.आई. रोबोट लेब का शुभारंभ किया

**कोटा,** (निसं)। बाल दिवस के अवसर पर इंपीरियल कॉन्वेंट स्कूल राज भवन रोड, नयापुरा, कोटा की आयुष्मान रोबो के सहयोग से निर्मित अत्याधुनिक ए.आई.रोबोटिक लैब का शुभारंभ मुख्यअतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा नें किया। अतिथि स्वागत प्रकाशचंद सिंह नें एवं धन्यवाद ज्ञापन विशाल सिंह ने किया।

■ विधायक शर्मा ने आधुनिक तकनीकीयों के प्रायोगिक ज्ञान से विद्यार्थियों को जोड़ने का आव्हान किया

उदघाटनकर्ता एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि यह नई एआई रोबोटिक लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, कोडिंग, सेंसर टेक्नोलॉजी, ड्रोन व ऑटोमेशन जैसी उन्नत तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी मिलती है, इससे तकनीकी परिचय होता हैं।

बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी दक्षताओं का विकास होता है, जो भविष्य की प्रतिस्पर्धा में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

शर्मा ने कहा कि तकनीकी ज्ञान और रोबोटिक लैबों से विद्यार्थियों को जोड़कर, उन्नत तकनीकी शिक्षा को वैश्विक स्तर की बनाने और उसके कौशल को निखारने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में सभी विद्यालयों को अपने आपको उन्नत तकनीकी लेबों एवं संसाधनों से जोड़ना चाहिए। विद्यालय के संचालक प्रियंका सिंह नें बताया कि यह पहल विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

लेब के मार्गदर्शक अरविन्द सिंह नें रोबोट तकनीकी की जानकारी अतिथियों को दी। इस अवसर पर विद्यालय की और से बाल मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थी और अविभावकगण सम्मिलित हुये। अतिथियों नें बाल मेले में भी सम्मिलित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विधायक संदीप शर्मा, राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्याशी अरविन्द सिसोदिया, वरिष्ठ पार्षद सुनील गौतम, समाजसेवी हिम्मत सिंह हाड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश चौधरी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह निर्भय एवं दिनेश सरसिया, पुरषोत्तम दाधीच, प्रकाश चंद्र सिंह, और विशाल सिंह, मनप्रीत सिंह आनंद, गोविंद नायक, आशीष मिश्रा सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 2350 जाहिर आम सूचना दिनांक - 14.11.25

आवास संख्या 1-ब-34 दादाबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री नोतनदास पुत्र स्व. श्री जेठानन्द को किया गया था। श्री नोतनदास पुत्र स्व. श्री जेठानन्द की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उक्त आवास का हस्तांतरण इनकी पत्नी श्रीमती पदमा बाई को दिनांक 05.07.2002 को किया गया। श्रीमती पदमा बाई पत्नी स्व. श्री नोतनदास के निवेदन पर दिनांक 30.07.2002 को अपने नाम के साथ इनके पुत्र श्री परसराम चांदवानी का नाम संयुक्त रूप से जोड़ा गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती पदमा बाई पत्नी स्व. श्री नोतनदास एवं श्री परसराम चांदवानी पुत्र स्व. श्री नोतनदास द्वारा दिनांक 26.09.2002 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती पदमा बाई पत्नी स्व. श्री नोतनदास की मृत्यु दिनांक 13.02.2017 को हो चुकी है। श्रीमती पदमा बाई पत्नी स्व. श्री नोतनदास द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित 1/2 हिस्से की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 02.11.2015 को इनके पुत्र श्री परसराम चांदवानी पुत्र स्व. श्री नोतनदास के पक्ष में आलेखित की गई। श्री परसराम चांदवानी पुत्र स्व. श्री नोतनदास द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ब-34 दादाबाडी, कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री परसराम चांदवानी पुत्र स्व. श्री नोतनदास के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री परसराम चांदवानी पुत्र स्व. श्री नोतनदास के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री परसराम चांदवानी पुत्र स्व. श्री नोतनदास के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 2356 जाहिर आम सूचना दिनांक - 14.11.25

आवास संख्या 1-ख-12 दादाबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री एस.पी. आनन्द पुत्र स्व. श्री कृपाराम को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री एस.पी. आनन्द पुत्र स्व. श्री कृपाराम द्वारा दिनांक 07.03.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री एस.पी. आनन्द पुत्र स्व. श्री कृपाराम द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 24.07.1993 को श्री परमानन्द शर्मा पुत्र श्री रामगोपाल शर्मा को किया गया। श्री परमानन्द शर्मा पुत्र श्री रामगोपाल शर्मा का नाम दिनांक 23.12.1998 को विक्रय पत्र के आधार पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका हैं। श्री परमानन्द शर्मा पुत्र श्री रामगोपाल शर्मा की मृत्यु हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण वसीयत नामा के आधार पर दिनांक 15.09.2014 को श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री परमानन्द शर्मा के पक्ष में किया गया। ततपश्चात श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री परमानन्द शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.10.2025 को श्री पुनीत गौतम पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा को किया गया। श्री पुनीत गौतम पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ख-12 दादाबाडी, कोटा का विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री पुनीत गौतम पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री पुनीत गौतम पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री पुनीत गौतम पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

## 'सकारात्मक भावना से विद्यार्थी का होता है सर्वांगीण विकास'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा के फ्लाइंग मस्टैंग्स एरोमॉडलिंग क्लब ने बोइंग नेशनल एरोमॉडलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।

आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि यह प्रतियोगिता आईआईटी गांधीनगर में 8 और 9 नवम्बर 2025 को आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 341 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की समस्या-विवरण में टीमों को एक कार्गो विमान डिजाईन और तैयार करने का कार्य दिया गया था, जो 800 ग्राम के भार सीमा में रहते हुए अधिकतम पेलोड (भार) उठा सके तथा 1.5 का न्यूनतम थ्रस्ट-टू-वेट अनुपात बनाए रखें।

# लघु उद्योग भारती की महिला इकाई का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। लघु उद्योग भारती की महिला इकाई द्वारा 17 एवं 18 जनवरी 2026 को प्रीमियम एक्ज़ीबिशन स्वयंसिद्धा का आयोजन झालावाड़ रोड़ स्थित संस्कृति बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। उक्त आयोजन का अनावरण एवं पोस्टर लॉंच का कार्यक्रम होटल पारस में रखा गया जिसमे विशेष अतिथि रहे लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सलाहकार गोविंद राम मित्तल, होटल एवं टूरिज्म फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी रहे।

आयोजन में सर्वप्रथम लघु उद्योग भारती महिला इकाई कोटा की अध्यक्ष चांदनी पोद्दार ने सभी का स्वागत किया एवं इकाई द्वारा किए गए कार्यो का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया महिला इकाई का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करना है।

इसी कड़ी में स्वयंसिद्धा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालक सीए रजनी मित्तल ने स्वयंसिद्धा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस बार प्रदर्शनी का स्थान परिवर्तित कर संस्कृति बैंक्वेस्ट हाल किया गया है जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलायें अपना स्टॉल लगा सकें और ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इस शॉपिंग महोत्सव का लुफ्त उठा सकें।




कोटा में महिला सशक्तिकरण की पहचान स्वयंसिद्धा एक्ज़िबिशन का अनावरण एवं पोस्टर लॉंच हुआ है।

उन्होंने बताया कि इस बार की स्वयंसिद्धा को लेकर उद्यमी महिलाओं में गज़ब का उत्साह है और कोटा ही नहीं वरन् कोटा के बाहर से भी महिलायें आकर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की एक्ज़ीबिशन लगाने आ रही है। आयोजन में महिला इकाई की काफ़ी सदस्य एवं शहर के अन्य गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अंत में सचिव निहारिका गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "अ" श्रेणी चौमहला जिला झालावाड़ (राज0)**

E- Mail – kums.chomela@rajasthan.gov.in & kumschaumhela@gmail.com दूरभाष कार्यालय – 07435–284249

क्रमांक:–492–501 दिनांक :–11.11.2025

**आवंटन सूचना**

कृशि उपज मण्डी समिति चौमहला के मण्डी प्रांगण मे रिक्त भूखण्डों/निर्मित दुकान/चिन्हित भूखण्ड (जेसी भी स्थिति मे है) को 99 वर्षीय लीज पर द्वितीय एंव पश्चातवर्ती चरणों में अचल संपति आवंटन नीति–2005 एंव समय–समय जारी संशोधनों के तहत निर्धारित नीति, नियम एंव प्रकिया के अनुसार आवंटन हेतु **राजस्थान राज्य की समस्त मण्डी समितियों के अनुज्ञापत्रधारी** व्यापारियों एंव नवईच्छुक व्यवसाय जिनकों पूर्व मे मण्डी प्रांगण में दुकाने/भूखण्ड आवंटित नही हुऐ हो एंव गत दो वित्तीय वर्श से अधिक समय से मण्डी क्षेत्र मे स्वयं के नाम से राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि धारक करने एंव मण्डी क्षेत्र में स्थाई रूप से निवास करने वाले कृषकों, कृषि प्रसंस्करण ईकाइयों, द्विव्यांग अनुज्ञापत्रधारियों, एवं अनुज्ञापत्रधारी व्यापारियों/कृशक उत्पादक संगठन (FPO) कम्पनी/कय विकय/ग्राम सेवा सहकारी समितियां से निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है :–

| क्र. सं. | रिक्त भूखण्डों/ दुकान गौदाम का विवरण | साईज वर्ग फीट में | कुल रिक्तियां (दुकान/ भूखण्ड) | आरक्षित | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुज्ञापत्रधारियों हेतु | | | | कृषक हेतु | | | मण्डी यार्ड के बाहर स्थित अनुज्ञापत्रधारी तेल मीलों व अन्य कृषि जिन्स प्रसंस्करण इकाई | अनुज्ञापत्रधारी कृषक उत्पादक संगठन (FPO)/कम्पनी | जी.एस.एस./के.वी.एस.एस हेतु |
| | | | | सामान्य | अनु. जाति | अनु. जनजाति | दिव्यांग | सामान्य | अनु. जाति | अनु. जन जाति | | | |
| 1 | भूखण्ड दुकान गौदाम मय प्लेटफार्म | 20.5X75<br>20X75 | 9<br>15 = 24 | 11 | 3 | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | |
| 2 | निर्मित दुकान | 20.5X20.5 | 2 | 1 | – | – | – | – | 1 | – | – | | |
| 3 | कृषि प्रसंस्करण इकाई | 92X100<br>54X100<br>50X100 | 1<br>7 = 10<br>2 | – | – | – | – | – | – | – | 8 | – | 2 |

मण्डी में अनुज्ञापत्रधारी व्यापारियों के आवंटन हेतु उपलब्ध भूखण्डों में से 10 प्रतिशत भूखण्ड अन्य मण्डियों के अनुज्ञापत्रधारियों को आवंटन करने का प्रावधान होने के कारण उनसे भी नियमानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

इच्छुक आवेदक 200/– रू. नगद जमा करवाकर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र की आवश्यक पूर्ति कर वांछित दस्तावेज धरोहर राशि रू. 10000/– के साथ दिनांक 19.12.2025 को सांय 4:00 बजे तक कार्यालय में जमा करा सकते है। धरोहर राशि का डी.डी./चैक कृशि उपज मण्डी समिति चौमहला के नाम से देय होगा। नियत समय पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही होगा। आवंटन हेतु आरक्षित दर आवंटन बैठक तिथि को प्रभावी डी.एल.सी. दर का आवंटन नीति अनुसार निर्धारित प्रतिशत होगी। भूखण्डों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। आवंटन सम्बन्धित अन्य जानकारी/शर्तें विभागीय वेबसाईट https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में देखी एंव प्राप्त की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/13900 प्रशासक सचिव